नगर विकास एवं आवास विभाग

श्री संजय दयाल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग पटना द्वारा दिनांक 08.07.2017 को सारण जिले के सोनपुर, नगर पंचायत में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गयी जो निम्नवत है:-

सबके लिए आवास योजना

➢ नगर पंचायत, सोनपुर में दिनांक 08.07.2017 को HFA योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर में 36 लाभुकों के बीच कार्यादेश का आवंटन किया गया। पूर्व में वितरित कार्यादेश की संख्या 610 बताई गयी है। इस प्रकार अब तक कुल 646 कार्यादेश का वितरण किया जा चुका है। जिसमें से 275 लाभुक को प्रथम किस्त, 145 लाभुकों को द्वितीय किश्त तथा 50 लाभुकों को तृतीय किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

➢ समीक्षा के दौरान यह पता चला कि कुछ लाभुकों का रिकार्ड खोलना बाकी रह गया है। विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए शेष लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि उनके खाते में RTGS उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सोनपुर को दिया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

➢ नगर पंचायत, सोनपुर में दिनांक 08.07.2017 को SBM योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर में 42 लाभुकों के बीच कार्यादेश का आवंटन किया गया। पूर्व में वितरित कार्यादेश की संख्या 2246 बताई गयी है। इस प्रकार अब तक कुल 2288 कार्यादेश का वितरण किया जा चुका है। जिसमें से 473 लाभुकों को प्रथम किस्त तथा 104 लाभुकों को द्वितीय किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

➢ निदेश दिया गया कि SBM योजना के अन्तर्गत नई कार्यादेश के विरूद्ध भुगतान ICICI Bank के मदर चाइल्ड अकाउंट एवं PFMS से ही किया जाना है।

➢ समीक्षा के दौरान यह पता चला कि Community Toilet बनवाने की प्रक्रिया काफी धीमी है। निदेश दिया गया कि सर्वे के आधार पर जमीन चिन्हित कर संबंधित रेलवे पदाधिकारी को पत्र लिखा जाय एवं Community Toilet बनवाने हेतु नियमानुसार शीघ्र अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय। जहाँ पर जमीन उपलब्ध नहीं है वहाँ विभागीय दिशा-निदेश के अनुसार toilet की व्यवस्था की जाय।

➢ कार्यपालक पदाधिकारी, सोनपुर द्वारा जानकारी दी गयी कि Door to Door कचरा collection का कार्य हो रहा है। निदेश दिया गया कि Segregation at source का कार्य भी आरंभ किया जाय।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM)

नगर पंचायत, सोनपुर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) की प्रगति शून्य है। इसका कारण NULM योजना के क्रियान्वयन से संबंधित कर्मी की हाल ही में की गयी प्रतिनियुक्ति एवं फण्ड में राशि की कमी बताया गया है। निदेश दिया गया कि NULM योजना का प्रचार प्रसार किया जाय। व्यवसाय हेतु व्यक्ति एवं सामूहिक श्रृण सर्वे कर वेंडरों को पहचान पत्र बनवाया जाय तथा जमीन चिन्हित कर वेडर जोन स्थापित किया जाय। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) का नगर पंचायत के कार्यालय में उद्घाटन सह कार्यशाला आयोजित कर इसके अयन्तर्गत सभी घटकों का शीघ्र क्रियान्वयन किया जाय।

मुख्यमंत्री शहरी नाली- गली योजना

सोनपुर, नगर पंचायत में कुल वार्डो की संख्या 21 है। मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना वित्तीय वर्ष 2017- 18 में सभी 21 वार्डो को आच्छादित किया गया है जिसमें से 16 वार्डो को कार्य प्रारम्भ किया किया गया है। गत माह तक निर्मित कुल गली/नाली की लंबाई 431 मीटर बताई गयी है। कार्यपालक पदाधिकारी, सोनपुर, नगर पंचायत को मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना के कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया है।

मुख्यमंत्री "नल जल" निश्चय योजना

सोनपुर नगर पंचायत के कुल 21 वार्डो में से 13 वार्डो के 939 घरों में पूर्व से नल जल की सुविध उपलब्ध है। शेष 08 वार्ड में से 04 वार्ड को वित्तीय वर्ष 2017-18 मुख्यमंत्री नल जल निश्चय योजनान्तर्गत अच्छादित किया गया जिसमें से सारी प्रक्रिया पूरा करते हुए कुल 03 वार्ड के 104 घरों में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। किन्तु विभागीय पत्रांक 7046 दिनांक 04.10.2016 के आलोक में सोनपुर, नगर पंचायत में हर घर नल का जल योजना का कार्य तत्काल स्थगित है।

ह० 10/7/17

विशेष सचिव

ज्ञापांक वि०स०को०/न०वि०एवं आ०वि० - 15/2017 पटना दिनांक 10/07/2017

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० 10/7/17

विशेष सचिव

ज्ञापांक वि०स०को०/न०वि०एवं आ०वि० - 15/2017 पटना, दिनांक 10/07/2017

प्रतिलिपि :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सोनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 10/7/17

विशेष सचिव

ज्ञापांक वि०स०को०/न०वि०एवं आ०वि० - 15/2017 पटना, दिनांक 10/07/2017

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, नगर विकास एवं आवास विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह० 10/7/17

विशेष सचिव